बोर्ड ने सीईओ चंदा कोचर को जल्दबाजी में दी क्लीन चिट

एजेंसियों की जांच की दिशा जाने बिना आईसीआईसीआई बैंक बोर्ड ने जताया कोचर पर विश्वास

मुंबई। पति के दोस्त की कंपनी को लोन देने को लेकर सवालों में घिरीं आईसीआईसीआई बैंक की सीईओ चंदा कोचर को क्लीन चिट देने में बैंक बोर्ड ने जल्दबाजी दिखाई। सरकारी सूत्रों के मुताबिक यह जाने बिना कि जांच एजेंसियां की जांच किस ओर है, बैंक बोर्ड ने सीईओ चंदा कोचर को पूरा विश्वास जता दिया।

सीबीआई चंदा कोचर के पति दीपक कोचर के दोस्त और वीडियोकॉन के वेणुगोपाल धूत को दिए गए लोन में कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंट्रेस्ट की संभावनाओं की जांच कर रहा है। यही नहीं बैंक बोर्ड में सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य अमित अग्रवाल और एलआईसी के वीके शर्मा बोर्ड की हुई मीटिंग में मौजूद नहीं थे। यह साफ नहीं है कि बोर्ड के निर्णय में इन दोनों की सहमति ली गई थी या नहीं। बैंक बोर्ड में केंद्र सरकार ने अमित अग्रवाल की जगह लोक रंजन को मनोनीत किया था। दोनों ही वित्तीय सेवा विभाग में जॉइंट सेक्रटरीज हैं। सरकारी खेमे में बोर्ड द्वारा चंदा कोचर के बचाव में दिखाई गई तेजी को लेकर आंशकाएं हैं। 28 मार्च को बैंक बोर्ड ने एक बयान जारी करते हुए कहा था कि उन्हें एमडी और सीईओ पर पूरा विश्वास है और पक्षपात, भाई-भतीजावाद या ऐसी किसी काम का सवाल ही नहीं उठता।

खास आरोपों पर नहीं दिया जवाब

बैंक बोर्ड के बयान के बाद सेबी के एक रजिस्टर्ड ऐनालिस्ट हिमेंद्र हजारी ने कहा था कि बोर्ड डायरेक्टर्स ने विसलब्लोअर द्वारा उठाए गए कुछ आरोपों का जवाब ही नहीं दिया है। एक नोट में उन्होंने कहा बोर्ड ने न ही तो कुछ खास आरोपों पर कोई जवाब दिया और न ही उस पर कोई जानकारी दी। क्या बोर्ड ने न्यूपावर और वीडियोकॉन के बीच हुई डीलिंग्स पर सफाई मांगी थी। हजारी ने टीओआई से बात करते हुए कहा मेरे विचार से बोर्ड को कम से कम एक बाहरी एजेंसी अपॉइंट करके आरोपों की जांच करवानी चाहिए थी और रिपोर्ट सीधे चेयरमैन के पास आनी चाहिए थी।

सरकार के प्रतिनिधि भी बोर्ड के साथ

सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य ने भी बोर्ड के बयान के बाद कोई स्टेटमेंट जारी किया जिससे पता चलता है कोई मतभेद नहीं था। इससे सरकार के लिए जरूर असहज स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि उनका प्रतिनिधि बोर्ड के साथ है वहीं दूसरी ओर सरकारी एजेंसी बैंक की जांच कर रही है। भले ही ये बैंक निजी क्षेत्र का बैंक है लेकिन यह पहले जॉइंट सेक्टर का बैंक रहा है जिसमें देश के वित्तीय संस्थानों की शेयरहोल्डिंग रही है। शेयरहोल्डिंग विदेशी इन्वेस्टर्स की अधिक है लेकिन सरकार और एलआईसी के नॉमिनी बोर्ड में जगह पाते रहे हैं।

अंबानी के बेटे की सगाई पार्टी की ग्रांड पार्टी में शामिल हुए बड़े सितारे

मुम्बई। मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी की सगाई उनकी बचपन की दोस्त से हुई। गोवा में दोस्तों और करीबियों के बीच ये फंक्शन हुआ जिसके बाद अंबानी परिवार ने मुंबई में ग्रांड पार्टी दी जिसमें कई बड़ी हस्तियां पहुंचीं थी। पार्टी में शाहरुख खान, एश्वार्या राय बेटी अराध्या के साथ, कैटरीना कैफ, करण जौहर और किरण राव भी शामिल हुई वहीं क्रिकेट स्टार्स जहीर खान पत्नी सागरिका के साथ, हरभजन सिंह भी पहुंचे। इन सभी सेलेब्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। इस पार्टी की होस्ट उनकी बेटी ईशा अंबानी थीं। 25 वर्षीय ईशा ने यह पार्टी सुपर मॉडल नतालिया वोदियानोवा के सम्मान में दी थी। नतालिया एक मॉडल होने के साथ.साथ एक संस्था नेकेड हर्ट फाउंडेशन की फाउंडर भी हैं। ईशा अंबानी की पार्टी में बॉलीवुड का पूरा ग्लैमर देखने को मिला। इस पार्टी में बॉलीवुड से जुटे मेहमानों में अमिताभ बच्चनए शाहरूख खान, आलिया भट्ट और कटरीना कैफ समेत कई स्टार्स अपने पूरे रंग में नजर आए। इस पार्टी में अभिनेत्री जूही चावला भी अपने पति जय मेहता के साथ पहुंची थीं। सिद्धार्थ मल्होत्रा भी इस पार्टी में मौजूद थे। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी अपनी वाइफ अंजलि तेंदुलकर के साथ इस पार्टी में मौजूद थे।

राजस्थान में वोल्टी लॉन्च करने वाला पहला जीएसएम ऑपरेटर बना वोडाफोन

उपभोक्ता बिना अतिरिक्त शुल्क के उठा पाएंगे फायदो

जयपुर। भारत के सबसे बड़े दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक वोडाफोन इण्डिया ने राजस्थान के जयपुर और जोधपुर में अपनी वोल्टी सेवाओं के लॉन्च का ऐलान किया है। इसके साथ वोडाफोन राज्य में वोल्टी सेवाएं उपलब्ध कराने वाला पहला जीएसएम ऑपरेटर बन गया है।

राज्य के उपभोक्ता अब सुपर-फास्ट कॉल कनेक्ट टाईम के साथ एचडी गुणवत्ता के वॉइस कॉल का अनुभव पा सकेंगे। वोडाफोन के उपभोक्ता बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के डेटा स्ट्रॉन्ग नेटवर्क पर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं और सभी कॉल्स का शुल्क मौजूदा प्लान या पैक के अनुसार ही रहेगा।

राज्य के उपभोक्ताओं को लाभ

लॉन्च का ऐलान करते हुए वोडाफोन इण्डिया में राजस्थान के बिजनेस हैड अमित बेदी ने कहा, ''हम अपने नेटवर्क के विस्तार, अपग्रेडेशन एवं आधुनिकीकरण के लिए पर्याप्त निवेश कर रहे हैं ताकि हमारे उपभोक्ता बेहतरीन सेवाओं और सहज कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकें। हमें खुशी है कि राजस्थान के जयपुर व जोधपुर में वोल्टी सेवाओं का लॉन्च करने वाला पहला जीएसएम ऑपरेटर है। हमने राजस्थान के उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए यह पहल की है।

स्वास्थ्य दिवस पर चलाया हेल्थ चेकअप अभियान

जयपुर। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, वोडाफोन इंडिया ने जयपुर में चुनिंदा स्टोर्स में बेसिक स्वास्थ्य जांच सुविधा स्थापित कर 70वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया। इसके तहत 200 ग्राहकों ने खून, कार्डियक एवं लीवर की स्वास्थ्य जांच करायी। डिजिटल रूप से ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए , वोडाफोन ने इस पहल के लिए शहर के स्वास्थ्य सेवा ऐप्प, मेरापेशेंट के साथ सहयोग किया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर स्वास्थ्य जांच सुविधा का आयोजन किया गया ,जिसे 9 अप्रैल को भी चुनिंदा स्टोर्स जैसे-गौरव टावर, राजा पार्क,चौड़ा रास्ता, अजमेर रोड, विद्याधर नगर और टोंक रोड पर जारी रखा गया। इस पहल के बारे में बताते हुए राजस्थान में वोडाफोन इंडिया के बिजनेस हेड - अमित बेदी ने कहा, ''वोडाफोन ग्राहकों के लिए दुनिया की सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाता है और हमें अपने सभी हितभागियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की परवाह है। आधुनिक तकनीकों के साथ उपभोक्ताओं का व्यवहार और उम्मीदें बदल रहीं हैं। जयपुर की मेरापेशेंट ऐप्प से जुड़ने के साथ ही हम वोडाफोन में डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन को बढ़ावा दे रहे हैं जिससे ग्राहक ऐप्प पर ही अपनी रिपोर्ट देख सकतें हैं जो 2018 के डिजिटल उपभोक्ता को हैप्पी टू हेल्प अवधारणों से जोड़ता है। हमारे मूल्यवान ग्राहकों अपने संपूर्ण स्वास्थ्य स्तर का मूल्यांकन कर सकते हैं और जीवनशैली से जुड़े परिवर्तन कर सकते हैं, ताकि अपनी क्षमताओं को बढ़ा सकें और किसी भी तरह की समस्या को दूर कर सकें।''

सेव वॉटर' के लिए कोलगेट एवं मेट्रो कैश एण्ड कैरी इंडिया में साझेदारी

नई दिल्ली. विश्व जल दिवस के तहत ओरल केयर कोलगेट पॉमोलिव (इंडिया) लिमिटेड तथा मेट्रो कैश एण्ड कैरी ने 'सेव वॉटर' अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए सहयोग किया है। पार्टनरशिप के बारे में कोलगेट-पॉमोलिव (इंडिया) लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर इसाम बच्चालानी ने कहा कोलगेट में पानी हमारे प्रमुख ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी स्तंभों में से एक है और मेट्रो कैश एण्ड कैरी के साथ साझेदारी करने की हमें खुशी है। इससे पहले कोलगेट ने सितंबर, 2017 में कोलगेट ने वॉटर फॉर पीपल, इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से अमरावती में वॉटर प्रोग्राम लॉन्च किया।

बैंक जिसने अप्रवासी भारतीयों को सोश्यल मीडिया से भारत पैसा भेजने में सक्षम बनाया

मुम्बई। आईसीआईसीआई बैंक ने एक ऐसी सेवा आरंभ करने की घोषणा की जिसके माध्यम से अप्रवासी भारतीय (एनआरआई'ज) भारत में अपने लाभान्वितों को सोश्यल मीडिया जैसे वॉट्स एप्प और फेसबुक मैसेंजर के साथ ही साथ ईमेल के माध्यम से पैसा भेजने में सक्षम हो सकेंगे। 'सोसायटी पे' नाम की यह एप्प एमटूइण्डिया (एमटूआई) सुविधा वाले किसी भारतीय बैंक द्वारा प्रदत्त अपनी तरह की पहली सेवा है, यह एप्प धन प्रेषण के लिए है।

इस नई सुविधा के मिल जाने से एनआरआई'ज अपने मित्रों एवं परिवार जनों को, जिन्हें वे अक्सर पैसा भेजा करते है यानी किसी विशेष अवसरों जैस त्योहार जन्म दिन आदि पर आसानी से पैसा भेज सकेंगे। धन हस्तांतरण के लिए, यूजर्स को एमटूआई एप्प से एक सिक्योर लिंक जनरेट करनी होगी और इसे केवल अपने लाभान्वित तक उनकी सोशयल मीडिया प्रोफाइल या ईमेल से भेजनी होगी साथ ही उनकी/उनका बैंक विवरण भेजना होगा। यह लिंक, 24 घंटे के लिए वैध होगी, और यह प्रेषक द्वारा निर्धारित चार अंकों का एक कूट होगा, जिसे उसे/उसकी लाभान्वित को शेयर करना होगा। लाभान्वित होने वाला व्यक्ति इस पासकोड को अपने बैंक विवरण शामिल करने से पूर्व वेलिडेट करेगा। एम2आई यूजर्स इसे एप्प पर पुनः सत्यापित एवं भुगतान विवरण की पुष्टि करेंगे ताकि यह लेनदेन काफी सुरक्षित और सकुशल तरीके से हो सके।

पैसा भेजना होगा आसान

इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक विजय चाण्डोक ने कहा भारतीय धन प्रेषण बाजार में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड देश में एक अग्रणी एवं शीर्ष बैंक है। वैश्विक स्तर पर अधिकाधिक लोगों के सोश्यल मीडिया से जुड़ने की वजह से, 'सोश्यल पे' एक ऐसे माध्यम के रूप में उभर कर आया है, जिससे धन प्रेषण न केवल आसान हो गया, साथ ही ग्राहक के लिए सुविधाजनक भी बन गया है। हमारी मनी2इण्डिया एप्प के यूजर्स अब अपने मित्रों एवं परिवार के सदस्यों को विशेष अवसर जैसे जन्मदिन अथवा त्योहार के मौके पर सोश्यल मीडिया जिसका वे नियमित उपयोग कर रहे है, के माध्यम से पैसा भेज सकेंगे। इस सुविधा के साथ आईसीआईसीआई बैंक सीमा पार धन प्रेषण सेगमेंट/कारोबार और ऑनलाइन धन प्रेषण में अपनी विशेषज्ञता को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मनी2इण्डिया एप्प और सोश्यल मीडिया के बीच होने वाला यह सम्पर्क बैंक की सुरक्षित चैनल्स के माध्यम से सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं सूचना की निजता बनाए रखने के लिए किया जाता है। इस मंच के माध्यम से किए जाने वाले लेनदेन दो प्रमुख कारक हैं बैंक और एम2आई यूजर्स के बीच प्रमाणिकरण, इसलिए इस बात की सुनिश्चितता है कि धन सकुशल एवं सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित किया गया है।

'स्विस प्रीसिशन एंड असेबली' यूनिट स्थापित

मेक इन इंडिया के तहत महिंद्रा सेज में हुआ संयंत्र का उद्घाटन

जयपुर। भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग से जुडे उद्योग अत्याधुनिक तकनीक इस्तेमाल करने, वैश्विक मानकों के उच्च गुणवत्ता के उत्पादों का उत्पादन करने व वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भागीदारी करने का प्रयास करते हैं। इस पहल को सार्थक व असरदार बनाने के लिए स्विट्जरलैंड आधारित वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र जोशी व उनकी पत्नी उर्सुला जोशी (आरयूजे समूह) ने जयपुर, राजस्थान में स्विट्जरलैंड आधारित कंपनी के संयुक्त उद्यम में भारत की अपनी तरह की पहली 'स्विस प्रीसिशन एंड असेबली' यूनिट की स्थापना की है।

आरयूजे एंड एसआरएम मैकेनिक्स (आरएस इंडिया) राजेंद्र एंड उर्सुला जोशी स्किल डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड व एक स्विस कंपनी एसआरएम टेक्नोलॉजीज एजी का संयुक्त उद्यम है। आरएस इंडिया का लक्ष्य है विनिर्माण उद्योग को मैटल एनोडाइजिंग, पेंटिंग व हीट ट्रीटमेंट, आदि के मूल्यवर्धन समेत उच्च परिशुद्धतापूर्ण धातु के पुर्जों की उनकी जरूरत के लिए सर्वश्रेष्ठ समाधान मुहैया कराना। इसका लक्ष्य है स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आटोमोटिव, पौलीमैकेनिकल, मशीन आटोमेशन, लैबोरेटरी तकनीक, फोटो तकनीक व एयरोस्पेस, आदि जैसे क्षेत्रों को विनिर्माण समाधान मुहैया कराना जहां अंतिम उत्पाद में हाई प्रीसिशन पार्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत में आधुनिक कौशल विकास के जनक व आरयूजे समूह के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र जोशी ने कहा, भारत में कई क्षेत्रों में प्रीसिशन पार्ट्स की अच्छी मांग है व प्रीसिशन पार्ट्स के विनिर्माताओं की अपेक्षाकृत बड़ी संख्या के बावजूद यह क्षेत्र आयात पर निर्भर है। आरएस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर जयंत जोशी ने कहा, आरएस इंडिया एक स्विस कंपनी एसआरएम टेक्नोलॉजीज, स्विट्जरलैंड के सहयोग से स्थापित एक उच्च तकनीकी युक्त और त्रुटिरहित प्रीसिशन पार्ट्स यूनिट है। हमें इस बात पर गर्व है कि भारत में जयपुर में हमारा ऐसा शानदार संयंत्र है। मुझे इस कंपनी को नेतृत्व प्रदान करने का अवसर मिला, इसके लिए मैं अपने को खुशकिस्मत मानता हूं। मैं चाहूंगा कि इस कंपनी के पास समस्त संभावनाएं हों और यह दुनियाभर में भारत का नाम नाम रोशन करे।

जयपुर में यूनिट से होगा फायदा

महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, जयपुर के बिजनैस हैड संजय श्रीवास्तव ने कहा, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, जयपुर में इस संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर हम आरयूजे व एसआरएम मैकेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड को बधाई देते हैं। मुझे इस बात की भी खुशी है कि जयपुर में इस तरह के यूनिट्स शुरू हो रहे हैं, जिनसे महिंद्रा वर्ल्ड सिटी की अहमियत में भी इजाफा हो रहा है। इस टीम को लगातार सफलता मिले, इसके लिए हमारी ओर से शुभकामनाएं।

भारत में लॉन्च ओपो एफ-7 25 मेगापिक्सल सेल्फी कैमरे से लैस

मुम्बई। चीनी कंपनी ओप्पो ने भारत में अपना नया स्मार्टफोन एफ 7 लॉन्च कर दिया है। इस फोन में 25 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है। मुंबई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कंपनी ने बेहद ही पतले बेजेल वाला स्मार्टफोन पेश किया है। इसमें आईफोन एक्स जैसा नॉच दिया गया है।

जानें क्या है कीमत

एफ 7 की भारत में कीमत 21990 रुपये निर्धारित की गई है। यह 9 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन बाजार में उपलब्ध हो गया है। ओप्पो एफ7 सोलर रेड और मूनलाइट सिल्वर रंग में 4 जीबी रैम और 64 जीबी इंटरनल मेमोरी दी गई है। साथ ही कंपनी ने स्पेशल एडिशन वेरिएंट भी लॉन्च किया है। ओपो एफ 7 डायमंड ब्लैक और ओपो एफ 7 सनराइज ब्लैक जो 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज से लैस हैं और 26990 रुपये में उपलब्ध है।

क्या है ओप्पो एफ7 के फीचर्स

ओप्पो एफ7 में 6.2 इंच का फुल एचडी प्लस डिस्प्ले दिया गया है। इसका रेजोल्यूशन 1080*2280 पिक्सल है। यह फोन 64 बिट ऑक्टा कोर चिपसेट के साथ आता है। इसमें रैम के दो विकल्प दिए गए हैं जिसमें एक 4 जीबी रैम वेरियंट है और दूसरा 6 जीबी रैम का वेरियंट है। इंटरनल मेमोरी की बात करें तो इसमें 64 जीबी और 128 जीबी के वेरियंट दिए गए हैं और दोनों ही वेरियंट में 256 जीबी का एसडी कार्ड लगाया जा सकता है। ओप्पो एफ7 में एफ/1.8 अपर्चर वाला 16 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा है। वहीं एफ/ 2.0 अपर्चर वाला 25 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है। यह रियल.टाइम एचडीआर क्षमता के साथ आता है। कंपनी ने एआई ब्यूटी 2.0 एप दिया है जो 296 फेसियल रिकग्निशन प्वाइंट को स्कैन कर सकता है। ओप्पो ने बताया कि यह एप किसी भी शख्स की उम्र, लिंग और त्वचा के रंग की पहचान कर सकता है।